हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, सोमवार 11 मई 2026

तापमान
अधिकतम 45.2 डिग्री
न्यूनतम 20.6 डिग्री

**बड़ी कार्रवाई, साइबर ठग गिरफ्तार**

## 39 साइबर वारदातों का खुलासा कई जिलों में फैला नेटवर्क

- गूगल से नंबर सर्च कर देता था वारदातों को अंजाम
- एक लाख रुपये से अधिक की ठगी राशि बरामद


**रोहतक।** आरोपित पुलिस की गिरफ्त में।

**रोहतक।** रोहतक पुलिस ने साइबर ठगी के एक बड़े मामले का खुलासा करते हुए शातिर आरोपी विवेक पुत्र दौलतराम निवासी उत्तम नगर वेस्ट, दिल्ली को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई थाना लाखनमाजरा पुलिस ने की, जिसमें एएसआई प्रवीन और मुख्य सिपाही भूपेन्द्र की टीम शामिल रही। आरोपी को अदालत में पेश कर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। मामला 2 मई 2026 को दर्ज हुआ था, जब गांव खरैन्टी निवासी नवीन की शिकायत पर साइबर ठगी का केस दर्ज किया गया। जांच में सामने आया कि आरोपी ने स्वयं को सीमेंट सप्लायर बताकर स्कैनर कोड भेजा और नवीन से 20 हजार रुपये ट्रांसफर करवा लिए। बाद में यह पूरा फर्जीवाड़ा सामने आया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने 39 साइबर वारदातों का खुलासा किया है, जिनमें थाना लाखनमाजरा की 5, सदर की 3, शिवाजी कॉलोनी की 2 और कलानौर की 1 वारदात शामिल है। आरोपी से एक लाख रुपये से अधिक की ठगी राशि भी बरामद की गई है।जांच में पता चला कि आरोपी गूगल से गांवों के नाम और लोगों के नंबर खोजकर उन्हें विश्वास में लेता था और सीएससी सेंटर मालिकों को झांसे में लेकर क्यूआर कोड के माध्यम से ठगी करता था। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।

## पीजीआई में बनेगा 200 बेड का पीडियाट्रिक्स एक्सीलेंस सेंटर

# नवजात से किशोर तक को एक ही छत के नीचे मिलेगी सुपर-स्पेशियलिटी सुविधा

- *करीब 150 करोड़ की लागत से हरियाणा का पहला बाल रोग उत्कृष्टता केंद्र बनेगा*
- *ईसी बैठक में रखा जा चुका प्रस्ताव, परियोजना के लिए कमेटी का किया गठन*



खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पीजीआईएमएस में बाल रोग क्षेत्र को नई दिशा देने के उद्देश्य से "बाल रोग उत्कृष्टता केंद्र" स्थापित करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत लगभग 200 बिस्तरों की अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधा विकसित की जाएगी, जिसमें नवजात शिशुओं से लेकर किशोरों तक के लिए उन्नत चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध होंगी। यह प्रस्ताव हाल ही में ईसी बैठक में रखा गया, जहां इसके लिए कमेटी का गठन भी किया गया है। यह हरियाणा सहित आसपास के राज्यों के लिए एक प्रमुख क्षेत्रीय रेफरल सेंटर के रूप में कार्य करेगा। हाल ही में शिशु रोग विभाग के अध्यक्ष और पीजीआई के एमएस डॉ. कुंदन मित्तल की तरफ से यूएचएस के कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल की मीटिंग की यह प्रस्ताव रखा गया है। पीडियाट्रिक्स एक्सीलेंस सेंटर के बनने से गम्भीर बीमारियों से पीड़ित हजारों बच्चों को बेहतर उपचार एक छत के नीचे मिल सकेगा। अपने आप में यह सेंटर हरियाणा का इकलौता सेंटर होगा। योजना पर करीब 150 करोड़ की लागत आएगी।

### इन बीमारियों का होगा उपचार

पीडियाट्रिक्स एक्सीलेंस सेंटर में बाल हृदय रोग, बाल कैंसर, न्यूरोलॉजी, एंडोक्राइनोलॉजी, नेफ्रोलॉजी और विकासात्मक विकारों जैसी जटिल बीमारियों का उपचार किया जाएगा।

### बच्चों की बीमारी चुनौती

भारत की कुल आबादी में बच्चों की हिस्सेदारी लगभग 35 से 40% है। वर्तमान समय में नवजात मृत्यु दर, जन्मजात विकार, कुपोषण, आनुवंशिक बीमारियां, बाल कैंसर, श्वसन रोग, तंत्रिका संबंधी समस्याएं और स्वास्थ्य चुनौतियां तेजी से बढ़ रही हैं। सरकारी मेडिकल कॉलेजों में सेवाएं उपलब्ध हैं। लेकिन उन्नत बाल चिकित्सा की कमी है।

### चिकित्सा शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा

सुपर-स्पेशियलिटी फेलोशिप कार्यक्रम भी चलाए जाएंगे, जिससे एमबीबीएस, पीजी और पोस्टडॉक्टरल स्तर की चिकित्सा शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा। इससे हरियाणा में बाल रोग विशेषज्ञों की संख्या बढ़ेगी और स्वास्थ्य सेवाएं और मजबूत होंगी।

### यहां बनेगा केंद्र

केंद्र को पीजीआईएमएस परिसर में प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग, केंद्रीय आपातकालीन इकाई और रेडियोलॉजी विभाग के पास स्थापित करने का प्रस्ताव है, जिससे नवजातों का त्वरित रेफरल और आपात स्थिति में तुरंत इलाज संभव हो सकेगा। बच्चों को बड़े शहरों में रेफर करने की जरूरत काफी हद तक कम हो जाएगी।

**79.2% वोटिंग ने बढ़ाई उम्मीदवारों की धड़कनें, बदल सकते हैं समीकरण**

# सांपला ने चुन ली अपनी 'सरकार' अब 13 मई के फैसले का इंतजार

- बूथों पर उमड़ा जनसैलाब, चेयरमैन और पार्षद प्रत्याशियों की किस्मत बंद
- बोगस वोट विवाद के बीच शांतिपूर्ण मतदान, दिनभर चला चुनावी संग्राम
- 43 पार्षद व 10 चेयरमैन प्रत्याशियों के भाग्य का होगा फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांपला (रोहतक)

सांपला नगरपालिका चुनाव रविवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। कस्बे में लोकतंत्र के इस चुनावी उत्सव में मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और कुल 79.2 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। 15,624 मतदाताओं में से 12,371 लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए 43 पार्षद और 10 चेयरमैन प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में कैद कर दी। सुबह मतदान शुरू होते ही विभिन्न बूथों पर लंबी कतारें देखने को मिलीं। युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों में मतदान को लेकर खासा उत्साह नजर आया। वार्ड-16 में सबसे अधिक 88 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि वार्ड-2 सबसे पीछे रहा। दिनभर राजनीतिक दल मतदान रुझानों पर नजर बनाए रहे। वहीं शांति स्कूल बूथ पर बोगस वोट की शिकायत के बाद कुछ देर हंगामे की स्थिति भी बनी। शाम को मतदान समाप्त होने के बाद ईवीएम मशीनों को पुलिस सुरक्षा के बीच स्ट्रांग रूम में पहुंचाया गया। प्रशासन द्वारा स्ट्रांग रूम के आसपास सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखी गई है। अब सभी प्रत्याशियों की निगाहें 13 मई को होने वाली मतगणना यानी परिणाम पर टिकी हैं।

- वार्ड-16 में सबसे अधिक 88% और 2 में सबसे कम वोटिंग

**वोटिंग के लिए लगी लाइन...**



### यहां रहे मतदान केंद्र

वार्ड 1, 2, 4 और 16 के मतदाताओं के लिए शांति स्कूल पुरानी मंडी, 3, 5, 6, 7 और 8 के लिए महाराजा अग्रसेन गर्ल्स स्कूल खरखोदा रोड, 9, 10, 11 और 12 के लिए सरकारी स्कूल दिल्ली रोड, 13 और 14 के लिए कम्युनिटी सेंटर और वार्ड 15 के मतदाताओं के लिए परशुराम भवन बेरी रोड पर मतदान केंद्र बनाया गया था।

### भाजपा नेताओं ने रखी पल-पल की नजर

चुनाव के दौरान भाजपा के बड़े नेता पूरे दिन सक्रिय रहे। अलग-अलग बूथों के मतदान प्रतिशत और चुनावी माहौल की लगातार जानकारी ली। किस वार्ड में कितना मतदान हुआ और किस बूथ पर कैसी स्थिति रही, इसको लेकर दिनभर मंथन चलता रहा।

**दिखा उत्साह**



### रुझानों पर मंथन

विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता पूरे दिन मतदान के रुझानों पर नजर बनाए रहे। बूथ स्तर से लगातार फीडबैक लिया जाता रहा। समर्थकों और कार्यकर्ताओं के माध्यम से मतदान प्रतिशत की जानकारी जुटाई गई। वहीं फोन कॉल और बैठकों के जरिए चुनावी समीकरणों पर चर्चा का दौर चलता रहा।

### पर्चों को लेकर गरमाया माहौल

शनिवार रात कस्बे में बांटे गए पर्चों को लेकर राजनीतिक माहौल गरमा गया। विपक्षी दलों और कई लोगों ने प्रशासन पर सवाल खड़े किए। पूरे शहर में पुलिस का पहरा था तो गली-गली में पर्चे कैसे बांट दिए गए। विपक्षी नेताओं ने इसे चुनाव आयोग से शिकायत करने की बात कही।

**ड्यूटी पूरी ...**



### आधे घंटे रुकी वोटिंग

बोगस वोटिंग की शिकायत पर शांति स्कूल केंद्र पर आधा घंटा मतदान रुका। एडीसी ने मौके पर पहुंचकर जांच की। संदिग्ध मतदान के आरोप में तीन लोगों को पुलिस के हवाले किया गया। बाद में मतदान दोबारा शुरू कराया गया। निर्दलीय प्रत्याशी अंकित ने पुनर्मतदान की मांग की है।

# कलानौर में मोबाइल शॉप संचालक को मारी दो गोली, बौंद में युवक की हत्या

## पुलिस को शक दोनों जगह वारदात करने वाले हमलावर एक ही

- *कलानौर में दुकान से घर जाते समय शॉप संचालक पर की अंधाधुंध फायरिंग*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलानौर (रोहतक)

कलानौर कस्बे में बदमाशों ने रविवार देर शाम एक मोबाइल शॉप संचालक पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। हमले में दुकान संचालक मुकेश गंभीर रूप से घायल हो गया। मुकेश को दो गोलियां लगी हैं। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। इसके कुछ देर बाद कलानौर से सटे गांव बौंद कलां में भी एक युवक की गोलियां मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस को शक है कि इस वारदात में भी वही बदमाश शामिल हैं, जिन्होंने कलानौर में युवक को गोलियां मारी हैं। आसपास के क्षेत्र में एक साथ हुई दो वारदातों से हड़कंप मच गया है। दो जिलों की पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी हुई है। देर रात तक उच्च अधिकारी घटनास्थल का जायजा ले रहे थे। बताया जा रहा है कि कलानौर पुलिस ने घायल मुकेश को अस्पताल भर्ती कराया है और पूरे क्षेत्र की नाकाबंदी कर दी गई है। पुलिस का कहना है जल्द बदमाश को काबू कर लिया जाएगा।

### दोनों घटनाओं को साथ जोड़कर देख रही पुलिस

पुलिस सूत्रों के मुताबिक कलानौर में मोबाइल शॉप संचालक मुकेश पर फायरिंग के बाद उन्हीं बदमाशों ने गांव बौंद में भी एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। हालांकि अभी इसकी पुष्टि नहीं हुई है कि इस वारदात में भी वही बदमाश शामिल से थे, लेकिन पुलिस दोनों घटनाओं को जोड़कर जांच कर रही है। दोनों जिलों की पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे थे बदमाश, देर शाम की वारदात

मुकेश कलानौर कस्बे में मोबाइल फोन की दुकान चलाता है। रविवार देर शाम वह दुकान बंद कर घर जा रहा था। तभी रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे बाइक सवार बदमाशों ने उस पर फायरिंग कर दी। दो गोली मुकेश को लगीं, जिससे वह सड़क पर ही गिर पड़ा। आसपास के लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। विभिन्न मार्गों पर नाकाबंदी कर वाहनों की तलाशी ली जा रही है, ताकि आरोपियों का सुराग लगाया जा सके। पुलिस का कहना है कि मामला रंजिश या पुरानी दुश्मनी से जुड़ा हो सकता है, हालांकि अभी हर पहलू से जांच की जा रही है। आरोपियों की पहचान के लिए कई टीमें गठित कर दी गई हैं और जल्द ही बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।




**शहरी विकास व्यवस्था में समन्वय बढ़ेगा, प्रशासन होगा अधिक जवाबदेह**

*31 मई तक पूरी होगी हस्तांतरण की प्रक्रिया*

# एचएसवीपी सेक्टरों की जिम्मेदारी अब नगर निकायों के हवाले

- सफाई, स्ट्रीट लाइट और पार्कों की जिम्मेदारी स्थानीय निकायों को सौंपी जाएगी
- एक ही एजेंसी के तहत सेवाएं आने से शिकायतें जल्द निपटेंगी
- एचएसवीपी को सेक्टरों के ले-आउट प्लान नगर निकाय विभाग को देने के निर्देश

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

प्रदेश सरकार ने शहरी विकास व्यवस्था में बड़ा बदलाव करते हुए हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) द्वारा विकसित सेक्टरों को स्थानीय नगर निकायों को सौंपने का अंतिम फैसला ले लिया है। इस निर्णय के बाद अब रोहतक सहित प्रदेश के विभिन्न शहरों में विकसित सेक्टरों की देखरेख नगर निगम और नगर परिषदों के अधीन होगी। सरकार ने इस प्रक्रिया को 31 मई 2026 तक पूरा करने के निर्देश जारी किए हैं। एक ही शहर में अलग-अलग एजेंसियों के पास जिम्मेदारियां होने के कारण अक्सर समन्वय की कमी बनी रहती थी। कई क्षेत्रों में सफाई, स्ट्रीट लाइट, पार्कों के रख-रखाव और अन्य नागरिक सुविधाओं को लेकर लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता था। अब सभी सेवाएं एक ही विभाग के अधीन आने से व्यवस्था अधिक प्रभावी और जवाबदेह बनने की उम्मीद है। नई व्यवस्था के बाद सेक्टरों में सफाई व्यवस्था, स्ट्रीट लाइटों की देखरेख, पार्कों का रख-रखाव, सीवर और अन्य बुनियादी सेवाओं का संचालन नगर निकायों द्वारा किया जाएगा।

### शुल्क और बजट का होगा आकलन

सरकार ने यह भी तय किया है कि सेवाओं के रख-रखाव और कमियों के कारण लगने वाले शुल्कों का आकलन शहरी भूमि प्रबंधन विभाग द्वारा किया जाएगा। इससे वित्तीय व्यवस्था को संतुलित बनाए रखने में मदद मिलेगी। साथ ही नगर निकायों को आवश्यक बजट उपलब्ध कराने की प्रक्रिया भी तय की जाएगी।

### मिलेगी एकीकृत सुविधा

शहरी विकास विभाग के अधिकारियों का मानना है कि इस फैसले से नागरिकों को एकीकृत प्रशासनिक व्यवस्था का लाभ मिलेगा। अभी तक कई बार लोगों को समस्याओं के समाधान के लिए एचएसवीपी और नगर निगम के बीच भटकना पड़ता था, लेकिन अब एक ही एजेंसी जिम्मेदार होने से शिकायतों का निपटारा तेज होगा।

### आमजन को परेशान नहीं होना पड़ेगा

4 मई को सरकार की तरफ से इस पर फाइनल मुहर लगी है। यह सिर्फ रोहतक में ही नहीं अन्य कई जिलों में यह व्यवस्था लागू होगी। ऐसे में इनकी व्यवस्था किसी एक विभाग के पास चली जाएगी। ऐसे में आमजन को भी परेशान नहीं होना पड़ेगा।

-**जगमाल**, कार्यकारी अभियंता, एचएसवीपी

### संचालन में न आए किसी प्रकार की बाधा

सरकार ने स्पष्ट किया है कि सेवाओं के संचालन में किसी प्रकार की बाधा नहीं आनी चाहिए। इसी उद्देश्य से एचएसवीपी को संबंधित सेक्टरों के ले-आउट प्लान नगर निकाय विभाग को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि भविष्य में विकास कार्यों और रख-रखाव में किसी प्रकार की तकनीकी परेशानी न हो।

## खबर संक्षेप



### हरियाणा नेत्र अधिकारी संघ के अमित बंसल बने प्रधान

**रोहतक।** रविवार को हरियाणा नेत्र अधिकारी संघ के चुनाव आयोजित किए गए। इनमें प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे नेत्र अधिकारियों ने भाग लिया। सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया। चुनाव में अमित बंसल को प्रधान, भीम सिंह नांदल को वरिष्ठ उप प्रधान, मंजू देवी को उपप्रधान, प्रमोद को महासचिव, दिनेश कुमार और राहुल सांगवान को सहसचिव, दीपांश को प्रेस सचिव, विजय कुमार को कोषाध्यक्ष, विकास कुमार को ऑर्गेनाइजर सचिव, वंदना देवी को ऑडिटर तथा कमल कुमार को राज्य सलाहकार चुना गया। चुनाव प्रक्रिया का संचालन अभिव्यक्त योगेश, पूर्व मुख्य नेत्र अधिकारी दिनेश शर्मा, पूर्व मुख्य नेत्र अधिकारी नीरज दुआ व नेत्र अधिकारी डॉ. राजेश कुमार आरआईओ ने किया।

### बसपा की हलका स्तरीय बैठक महम में आज

**महम।** बहुजन समाज पार्टी की एक हलका स्तरीय बैठक सोमवार 11 मई को गुरु रविदास धर्मशाला में दोपहर 2 बजे आयोजित की जाएगी। यह पार्टी की समीक्षा बैठक है। इस बैठक को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण जमालपुर समेत कई प्रदेश, जिला और हलका स्तरीय नेता संबोधित करेंगे।

### 12वीं की छात्रा ने घर में फंदा लगाया

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र में शनिवार को 12वीं कक्षा में पढ़ने वाली एक छात्रा का शव संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे में पंखे से लटका मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। मूल रूप से उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले का एक परिवार प्याऊ मनियारी क्षेत्र में किराये के कमरे में रह रहा है। परिवार में माता-पिता और उनकी 19 वर्षीय बेटी सोनम साथ रहते थे। सोनम अपने चार भाई-बहनों में सबसे बड़ी थी।

# ग्रामीण विकास की असली तस्वीर देखनी है तो फरमाणा का दौरा करे सरकार

राज कुमार नरवाल ▶▶| महम

प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, उनकी कैबिनेट के मंत्री व स्थानीय भाजपा नेता प्रदेश सरकार की विकास योजनाओं के गुण गाते हुए नहीं थकते। भाजपा नेता अपने भाषणों में कहते हैं कि प्रदेश में विकास की गंगा बह रही है। लेकिन ग्रामीण विकास की तस्वीर देखनी है तो एक बार महम उपमंडल के फरमाणा गांव का दौरा करें। उसके बाद बताएं कि गांवों में कैसे विकास कार्य चल रहे हैं। बात करें, तो यहां गलियों में विकास की गंगा नहीं बह रही बल्कि कीचड़ खड़ा है। पिछले दो साल से लोग कीचड़ की वजह से घरों में कैद रहने को मजबूर हैं। दूध, साग सब्जी व अन्य जरूरी सामान लाना हो या फिर मेहनत मजदूरी अथवा नौकरी के लिए बाहर जाना होता है तो लोग दूसरों की छतों से और दीवारों को फांदकर जाते हैं।



**महम।** फरमाणा खास गांव में कीचड़ से बदहाल हो चुकी गली को दिखाते गांववासी।



कीचड़ गिरकर चोटिल हुई महिला।

### कीचड़ के कारण दुकानें बंद

कई दुकानें इसलिए बंद हो गई हैं, क्योंकि हमेशा उनके सामने कीचड़ खड़ा रहता है और दुकानों तक पहुंचने का रास्ता ही नहीं है। आप समझ सकते हैं कि गर्मी के इस मौसम में जब सूर्य आग उगल रहा है, तब इस गांव की गलियां कीचड़ से नहीं सूख रही तो सर्दियों और बारिश के मौसम में यहां के क्या हालात रहते होंगे। दर्जनों ऐसे परिवार हैं जो बहुत ही जरूरी काम होने पर घर से बाहर जाते हैं, क्योंकि घर से बाहर पैर रखने की सूखी जगह नहीं है।

### दिव्यांग झेल रहे परेशानी

एक दिव्यांग महिला को काफी चोटें आई थी। वैसे तो यह समस्या कई साल पुरानी है लेकिन पिछले दो साल से यह समस्या और भी बढ़ गई है। क्योंकि गांव के तालाब की बरसाती व गंदा पानी सहने की क्षमता कम है। जिस वजह से वह ओवर फ्लो होकर गलियों में ही बहने लगता है। बारिश होते ही अनेक घरों में पानी घुस जाता है। लंबे समय तक घरों के आगे कीचड़ और गंदा पानी जमा रहने से बीमारियां फैल रही हैं। यहां लोग अक्सर बुखार की चपेट में रहते हैं। गंदगी की वजह से यहां मच्छरों की भरमार है।

### कीचड़ की वजह से दुकानें बंद हो गई : राजबाला

राजबाला ने बताया कि उनके पड़ोस में टोनी मिस्त्री की दुकान इसलिए बंद हो गई क्योंकि उसकी दुकान



के आगे हमेशा गंदगी रहती थी। एक परचून की दुकान थी, जिससे लोग राजमर्रा का सामान लेकर आते थे। वह भी बंद हो गई। अब हालात यह हैं कि आस पास जरूरी सामान भी नहीं मिलता।

### दूसरे के घर की छत से दूध लेने जाती हूं: सुशीला

महिला सुशीला ने बताया कि जिस मकान से वह दूध लेने के लिए जाती है, उस गली में कीचड़ है।



गली में कीचड़ ज्यादा है। इसलिए वह दूसरों के घर की छत से उनके घर तक पहुंचती है और फिर दूध लाती है। समस्या ज्यादा गंभीर है, इसका समाधान होना चाहिए।

### कीचड़ में गिरकर कई बार घायल हो चुकी हूं: सावित्री

महिला सावित्री ने बताया कि वह एक हाथ और एक पैर से दिव्यांग है। वह सूखे एरिया में आराम से चल



लेती है। लेकिन कीचड़ में उसके पैर फिसल जाते हैं, वह कई बार कीचड़ में गिरकर घायल हो चुकी है। समस्या का हल तो होना ही चाहिए। गांवों की गलियों में कीचड़ के कारण महिलओं व बच्चों को काफी पेरशानी झेलनी पड़ती है।

### पंचायत ने प्रशासन के पास भेजा प्रस्ताव, कार्रवाई नहीं : सरपंच

फरमाणा खास गांव की सरपंच सविता ने बताया कि ग्रामीणों की मांग जायज है। इस गांव के लोग पिछले कई साल से कीचड़ की वजह से बहुत दुखी हैं। घर के अंदर बदबू आती है। गंदे पानी की निकासी का समाधान नहीं किया गया है। इस समस्या के समाधान के लिए ग्राम पंचायत ने प्रस्ताव पास किया था। बीडीपीओ कार्यालय और एसडीएम कार्यालय में पत्र व्यवहार किए गए हैं। स्थानीय प्रशासन ने जनस्वास्थ्य विभाग को समस्या समाधान की जिम्मेवारी सौंपी थी। विभाग ने 85 लाख रुपए का एस्टीमेट भी बना रखा है, ताकि नाला बनाकर पानी को ड्रेन में डाला जा सके। मगर यह योजना फिलहाल खटाई में पड़ी है। कार्यवाही आगे नहीं बढ रही है।



# अधूरे डिवाइडरों से शहर में बढ़ रहा हादसों का खतरा


पिछले कार्यकाल में पप्पू हलवाई चौक से छोटा गोहाना अड्डा योगा आश्रम तक लगाए थे डिवाइडर, कार्य छोड़ा अधूरा

## एक सप्ताह में समाधान नहीं हुआ तो 18 को निगम में धरना देंगे पार्षद कपिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

- पर्याप्त संकेतक नहीं होना बन रहे हादसों की मुख्य वजह

शहर में अधूरे पड़े पत्थर के डिवाइडरों के कारण लगातार बढ़ रहे सड़क हादसों को लेकर वार्ड-7 के निगम पार्षद कपिल नागपाल ने नगर निगम और प्रशासनिक अधिकारियों पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। निगम और पुलिस प्रशासन शायद किसी बड़े हादसे या लोगों की जान जाने का इंतजार कर रहे हैं। यदि एक सप्ताह के भीतर इन डिवाइडरों को या तो पूरी तरह हटाया नहीं गया या सही तरीके से लगाया नहीं गया तो 18 मई, सोमवार को नगर निगम कार्यालय में धरना दिया जाएगा।



पार्षद कपिल नागपाल ने बताया कि पिछले नगर निगम कार्यकाल के दौरान गोहाना अड्डा स्थित पप्पू हलवाई चौक से छोटा गोहाना अड्डा योगा आश्रम चौक तक सड़क के बीच पत्थरों के डिवाइडर लगाए गए थे। लेकिन यह कार्य अधूरा छोड़ दिया गया। कई स्थानों पर डिवाइडर टूटे हुए हैं तो कई जगह आधे-अधूरे पड़े हैं। रात के समय पर्याप्त संकेतक और रोशनी नहीं होने के कारण वाहन चालक इनसे टकरा जाते हैं और हादसों का शिकार हो रहे हैं। पिछले कई वर्षों से यह समस्या बनी हुई है और रोजाना छोटे-बड़े हादसे हो रहे हैं। अंधेरा होते ही दोपहिया और चारपहिया वाहन चालक इन अधूरे डिवाइडरों की चपेट में आ जाते हैं। कई बार राहगीरों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया जाता है, लेकिन इसके बावजूद प्रशासन की ओर से कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया।

### पिछले छह माह से इस मुद्दे का उठाया जा रहा

कपिल नागपाल ने कहा कि वह पिछले छह महीनों से लगातार इस मुद्दे को उठा रहे हैं, लेकिन अधिकारियों की ओर से कोई गंभीरता नहीं दिखाई गई। उन्होंने मांग की कि आम जनता की सुरक्षा को देखते हुए इन डिवाइडरों को तुरंत व्यवस्थित किया जाए या पूरी तरह हटाया जाए, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

### पार्षद ने लगाए गंभीर आरोप

पार्षद ने आरोप लगाया कि नगर निगम की इंजीनियरिंग ब्रांच और एलओ ब्रांच एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालकर अपनी जवाबदेही से बच रहे हैं। इंजीनियरिंग शाखा एलओ ब्रांच पर मामला डाल देती है, जबकि एलओ ब्रांच इंजीनियरिंग शाखा को जिम्मेदार बताती है। इस खींचतान के कारण समस्या जस की तस बनी हुई है।

## अब नहीं अटकेंगे जमीन के काम

# जिले में 150 पटवार सर्कल 125 नए पटवारी हुए नियुक्त

- अब हर क्षेत्र में उपलब्ध होगा पटवारी, इंतकाल और फर्द के काम होंगे तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिले के लोगों के लिए राजस्व विभाग से जुड़ी सेवाओं में अब बड़ी राहत मिलने जा रही है। जमीन इंतकाल, फर्द, निशानदेही, जमाबंदी और रिकॉर्ड अपडेट जैसे कामों में होने वाली देरी को कम करने के उद्देश्य से जिले में पटवार सर्कलों की संख्या 104 से बढ़ाकर 150 कर दी गई है। साथ ही 125 नए पटवारियों की नियुक्ति भी की गई है। अब तक जिले में केवल 70 पटवारी कार्यरत थे, जिसके कारण एक-एक पटवारी के पास कई गांवों और बड़े क्षेत्र की जिम्मेदारी रहती थी। इससे आम लोगों को छोटे-छोटे कामों के लिए कई दिन तक चक्कर लगाने पड़ते थे। नई नियुक्तियों के बाद जिले में पटवारियों की संख्या बढ़कर 195 हो गई है। राजस्व विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, इसी सप्ताह उपायुक्त कार्यालय की ओर से नव नियुक्त पटवारियों को गांव और सर्कल अलॉट किए जाएंगे। इनमें से 150 पटवारी सीधे फील्ड में काम करेंगे, जबकि 45 पटवारियों की ड्यूटी राजस्व विभाग की विभिन्न शाखाओं में लगाई जाएगी। गत 8 मई को नव नियुक्त पटवारियों की पहली हाजिरी डीसी कार्यालय में लगाई गई। इस दौरान विभागीय अधिकारियों ने उन्हें जिम्मेदारियों और कार्यप्रणाली से भी अवगत कराया।



### व्यवस्था होगी मजबूत

जिले में राजस्व व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में इसे एक बड़ा कदम माना जा रहा है। गांवों में लोग भी उम्मीद कर रहे हैं कि अब सरकारी दफ्तरों के बार-बार चक्कर लगाने से राहत मिलेगी और जमीन से जुड़े काम पहले की तुलना में तेजी से निपट सकेंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में सबसे अधिक परेशानी किसानों और जमीन मालिकों को उठानी पड़ती थी।

## पुस्तक 'नन्ही कहानियां बड़े काम' का लोकार्पण



**रोहतक।** साहित्यकार एवं शिक्षाविद डॉ. अंजना गर्ग की पुस्तक 'नन्ही कहानियां बड़े काम' का लोकार्पण किया गया। प्रतिष्ठित साहित्यकार एवं समाजसेवी डॉक्टर मधुकांत के संरक्षण में प्रज्ञा साहित्यिक मंच द्वारा कान्हा लाइब्रेरी, डबल पार्क, मॉडल टाउन में गोष्ठी की गई। कार्यक्रम की इसकी अध्यक्षता बहु प्रतिभा के धनी डॉ. कृष्ण लाल गिरधर ने की। उपस्थित सभी साहित्यकारों ने डॉ. अंजना गर्ग को इस पुस्तक को लिखने, डॉ. मधुकांत के द्वारा इसकी बेहतरीन समीक्षा करने और ममता शर्मा द्वारा इसे लाजवाब तरीके से साहित्यकारों तक पहुंचाने के लिए हार्दिक बधाई दी। प्रोफेसर शाम लाल कौशल ने कार्यक्रम का मंच संचालन किया। इस दौरान डॉक्टर एनसी मलिक, ममता शर्मा, बृजबाला, सेलिना फरमाना, अश्विनी कुमार मेहरा, संदीप शर्मा बावरा, डॉ. कंचन मखीजा, सीमा, डॉ. चंद्र दत्त शर्मा, पवन गहलोत तथा डॉक्टर कृष्णा लाल गिरधर ने अपनी रचनाएं सुनाई। डॉ. मधुकांत ने आए हुए सभी प्रतिष्ठित साहित्यकारों का इस गोष्ठी को सफल बनाने के लिए धन्यवाद किया।

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व आज, किलोई के शिव मंदिर में होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअली देंगे संदेश, सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा होंगे मुख्यातिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 11 मई को जिले में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व भव्य तरीके से मनाया जाएगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम गांव किलोई स्थित प्राचीन शिव मंदिर में आयोजित होगा, जिसमें प्रदेश के सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमनाथ से कार्यक्रम में वर्चुअली जुड़कर अपना संदेश देंगे। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने रविवार को लघु सचिवालय सभागार में धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिले के सभी मंदिरों में भी इस पर्व को श्रद्धा के साथ मनाया जाए तथा मंदिरों की साफ-सफाई और सजावट सुनिश्चित की जाए। साथ ही प्रधानमंत्री के लाइव प्रसारण के लिए भी उचित प्रबंध किए जाएं।



### समारोह में महिलाएं निकालेंगी कलश यात्रा

डीसी ने बताया कि जिला स्तरीय समारोह के दौरान महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें साधु-संत भी शामिल होंगे। कार्यक्रम स्थल पर सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा सोमनाथ मंदिर के इतिहास और पुनर्निर्माण से जुड़ी घटनाओं पर आधारित प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां भी आकर्षण का केंद्र रहेंगी।उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा समारोह के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं ताकि श्रद्धालुओं और आमजन को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। बैठक में बीके रक्षा बहन, सीमा बहन,बाबा गुलाब पुरी प्रीतम भयाना, सुभाष तायल, गुलशन निझावन सहित विभिन्न धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



## महम में धूमधाम से मनाई भगवान परशुराम की जयंती

**महम।** चौबीसी ब्राह्मण सेवा समिति द्वारा ब्राह्मण धर्मशाला महम भगवान परशुराम की जयंती धूमधाम से मनाई गई। समारोह में पूर्व सांसद रामचंद्र जांगड़ा बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए। उन्होंने ब्राह्मण समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान परशुराम जी न्यायकारी थे और पितृभक्त थे। उन्होंने अधर्म को खत्म कर धर्म की स्थापना की थी। उन्होंने ज्ञान रूपी फरसे से अज्ञान का विनाश किया था। महंत सतीश दास व अजीत अहलावत ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने समाज के लोगों से एक हो कर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज के प्रधान बलवान शर्मा, सचिव हंसराज शर्मा, राकेश भारद्वाज, प्रकाश निंदाना, राजेश शर्मा गिरावड़, रमेश शर्मा सीसर, रामनिवास शर्मा सैमान, मनोज भैणी महाराजपुर, अशोक कौशिक भराण, राजबीर शर्मा, परवीन व प्रेम नारायण समेत इलाके के ब्राह्मण समाज के कई लोग मौजूद थे।

## भाविप भगत सिंह की बैठक में 21 महिलाओं ने लिया भाग

- साक्षी बंसल व बृजबाला गुप्ता ने मां की ममता को कविता से किया व्यक्त

**रोहतक।** भारत विकास परिषद भगत सिंह शाखा की महिला मासिक बैठक जीवन राम स्कूल में वन्देमातरम्-गीत से आरंभ हुई, माला और हनुमान चालीसा पाठ किया गया। बैठक में अतिथि के रूप में एसोसिएट प्रोफेसर संगीता गुप्ता (वैश्य कॉलेज ) ने शिरकत की। बैठक मातृ दिवस पर आयोजित की गई। प्रोफेसर संगीता गुप्ता ने मातृ दिवस पर सम्बोधन दिया। साक्षी बंसल और बृजबाला गुप्ता ने भी मां की ममता को कविता के रूप में मन के भावों को व्यक्त किया। उन्होंने मां के प्रति अपनी भावनाओं को व्यक्ति करते हुए कहा कि पूरे संसार में मां का दर्जा सबसे अहम है। हमें अपने माता पिता की सेवा अवश्य करनी चाहिए। बैठक में 21 महिलाओं ने उपस्थिति दर्ज की।



# सड़क पर बजरी-पत्थर गिराने वाले ट्रैक्टर-ट्रालियों पर प्रशासन सख्त

- शिकायत के बाद ट्रैफिक पुलिस और आरटीए टीम ने काटे चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर की सड़कों पर खुलेआम बजरी, पत्थर और मलबा गिराते हुए गुजरने वाले ट्रैक्टर-ट्रालियों के खिलाफ प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है। समाजसेवी जसबीर कुमार द्वारा उपायुक्त सचिन गुप्ता को शिकायत दिए जाने के बाद ट्रैफिक पुलिस और आरटीए विभाग हरकत में आया। शिकायत में बताया गया था कि कई ट्रैक्टर-ट्रालियां बिना सुरक्षा इंतजाम के निर्माण सामग्री लेकर सड़कों पर दौड़ रही हैं, जिससे सड़क पर पत्थर और बजरी गिरती रहती है। शिकायत मिलने के बाद ट्रैफिक एसएचओ और आरटीए इंस्पेक्टर जसबीर नरवाल ने संयुक्त रूप से पुरानी आईटीआई पुल के पास अभियान चलाया। इस दौरान आने-जाने वाले कई ट्रैक्टर-ट्रालियों को रुकवाकर जांच की गई। जांच के दौरान कुछ वाहनों में अनियमितताएं पाई गईं। कई ट्रालियों में सामग्री ढकी नहीं थी, जबकि कुछ वाहन निर्धारित नियमों का पालन नहीं कर रहे थे। अधिकारियों ने नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के चालान काटे और उन्हें भविष्य में सावधानी बरतने की चेतावनी भी दी। अधिकारियों ने कहा कि सड़क सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। प्रशासन ने वाहन चालकों से अपील की है कि निर्माण सामग्री ले जाते समय सुरक्षा नियमों का पालन जरूर करें, ताकि किसी प्रकार का हादसा न हो।



**रोहतक।** चालक से जानकारी लेते पुलिस अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## प्रदर्शनी छात्रों की मेहनत और रचनात्मकता का शोकेस : कुलगुरु आर्य

# 'अभिव्यंजना' में कलाकृतियां बनी आकर्षण का केंद्र

यह कल्पनाशीलता और रचनात्मक सोच का जीवंत उदाहरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

दादा लख्मीचंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसीसुपवा) में पिछले आठ दिनों से चल रही कला प्रदर्शनी 'अभिव्यंजना' का रविवार को समापन हुआ। कला, संस्कृति व रचनात्मकता का अनूठा संगम बनी इस प्रदर्शनी ने पूरे आयोजन के दौरान कला प्रेमियों, छात्रों, शिक्षकों व आम लोगों को अपनी ओर आकर्षित किए रखा। रविवार को फ्लैग ऑफ के साथ प्रदर्शनी का औपचारिक समापन किया गया। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी की रजिस्ट्रार डॉ. गुंजन मलिक मनोचा मुख्य रूप से मौजूद रहीं। तीन मई को यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति असीम कुमार घोष द्वारा प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया था। यह प्रदर्शनी अपने 11वें संस्करण में 'अभिव्यंजना' नाम के साथ आयोजित की गई। शुरुआत में प्रदर्शनी आठ मई तक आयोजित होनी थी, लेकिन कला प्रेमियों व दर्शकों के उत्साह को देखते हुए इसे दो दिन और बढ़ा दिया गया था। रविवार को फ्लैग ऑफ के साथ इसका औपचारिक समापन किया गया।रजिस्ट्रार डॉ. गुंजन मलिक मनोचा ने कहा कि यह आयोजन केवल एक कला प्रदर्शनी नहीं, बल्कि छात्रों की प्रतिभा, कल्पनाशीलता और रचनात्मक सोच का जीवंत उदाहरण रहा। हालांकि प्रदर्शनी का औपचारिक समापन दोपहर में कर दिया गया था



**रोहतक।** अभिव्यंजना का फ्लैग ऑफ कर समापन करतीं रजिस्ट्रार डॉ गुंजन मनोचा, फेकल्टी ऑफ विजुअल आर्ट्स के कोऑर्डिनेटर विनय कुमार व अन्य।

### दो हजार से ज्यादा कलाकृतियां बनी आकर्षण का केंद्र

यूनिवर्सिटी के कुलगुरु डॉ. अमित आर्य ने सफल आयोजन के लिए सभी स्टाफ सदस्यों और छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनी छात्रों की सालभर की मेहनत और रचनात्मकता का शोकेस होती है। उन्होंने कहा कि यूनिवर्सिटी हर साल छात्रों को ऐसा मंच उपलब्ध कराती है, जहां वह अपनी कला व विचारों को समाज के सामने प्रस्तुत कर सकें। फैकल्टी ऑफ आर्ट्स के अंतर्गत आने वाले एप्लाइड आर्ट, पेंटिंग, प्रिंट मेकिंग, स्कल्पचर, एनिमेशन और फाउंडेशन विभागों के 300 से अधिक छात्रों की दो हजार से ज्यादा कलाकृतियां प्रदर्शनी का हिस्सा बनीं। इनमें पेंटिंग, इंस्टॉलेशन, स्केच, डिजिटल आर्ट, मूर्तिकला, प्रिंट आर्ट और कई इनोवेटिव आर्टवर्क शामिल रहे।

# लड़कों में पानीपत व लड़कियों में हिसार ने जीती राज्य जूनियर बास्केटबॉल चैंपियनशिप

## शिव कुमार मेमोरियल स्टेडियम किलोई में हुई राज्य स्तरीय प्रतियोगिता



रोहतक। खिलाड़ियों को सम्मानित करते पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

58वीं हरियाणा राज्य जूनियर बास्केटबॉल चैंपियनशिप का रविवार को समापन हुआ। यह प्रतियोगिता शिव कुमार मेमोरियल स्टेडियम किलोई में आयोजित की गई। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का आयोजन जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन रोहतक द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में पानीपत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया। वहीं, हिसार ने दूसरा, सोनीपत ने तीसरा और फरीदाबाद ने चौथा स्थान हासिल किया। लड़कियों में हिसार ने पहला और जींद ने दूसरा स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता के समापन समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हरियाणा की मिट्टी में खेल और खिलाड़ियों का विशेष स्थान है।

उन्होंने विजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए खेल भावना की सराहना की। जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी सहयोगियों का आभार जताया। उन्होंने कहा यह चैंपियनशिप न केवल खेल कौशल का प्रदर्शन रही, बल्कि इसने राज्य के आगामी बास्केटबॉल सितारों के लिए एक बेहतरीन मंच भी प्रदान किया। आयोजकों ने बताया कि इस राज्य स्तरीय चैंपियनशिप का उद्देश्य प्रदेश में बास्केटबॉल खेल को बढ़ावा देना तथा युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए मंच उपलब्ध कराना है।

आयोजन सचिव सुधीर हुड्डा ने बताया कि खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि खेल अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित करते हैं। उन्होंने प्रदेश के खेल प्रेमियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करें।

## अंडर-23 एशियन कुश्ती प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व करेगा सिद्धार्थ



- चोट को मात देकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर रहा है सिद्धार्थ

रोहित डागर ▶▶| रोहतक

हरियाणा की मिट्टी ने एक बार फिर देश को एक ऐसा हीरा दिया है जिसने न केवल अपनी शारीरिक चोट को मात दी, बल्कि कुश्ती के मैदान में पदकों की झड़ी लगा दी है।

झज्जर जिले के बराई गांव के रहने वाले युवा पहलवान ने सिद्धार्थ राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सिद्धार्थ 23 से 31 मई तक वियतनाम में होने वाली अंडर-23 एशियन कुश्ती प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व करेगा।

### सिद्धार्थ की उपलब्धियां

2026 में सीनियर फेडरेशन कप में स्वर्ण पदक और एशियन बीच गेम्स में रजत पदक जीता। 2025 में सीनियर नेशनल स्वर्ण पदक और नेशनल प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता। अल्बानिया में हुई वर्ल्ड रैंकिंग सीरीज में हिस्सा लिया।

### सुशील पहलवान से मिली प्रेरणा, 2017 में शुरू हुआ सफर

सिद्धार्थ ने बताया कि उन्होंने कुश्ती की शुरुआत साल 2017 में की थी। इस खेल में आने की प्रेरणा उन्हें ओलंपिक पदक विजेता सुशील पहलवान के मैचों को देखकर मिली। सिद्धार्थ साधारण परिवार से ताल्लुक रखते हैं। उनके पिता रमेश कुमार किसान हैं और मां मिथिलेश गृहिणी हैं। आर्थिक चुनौतियों और कुश्ती जैसे महंगे खेल के खर्च के बावजूद, परिवार ने हमेशा उनका साथ दिया। पहलवान ने बताया कि जब उन्होंने कुश्ती खेलने की इच्छा जताई, तो घर वालों ने बिना किसी झिझक के कहा, ठीक है भाई, खेल ले, जो तेरा जी करै। पहलवान के जीवन का सबसे कठिन समय 2019 के आसपास आया जब उन्हें घुटने में गंभीर चोट लग गई थी। उस समय कुश्ती छोड़ने का मन कर रहा था, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और बहादुरगढ़ में फिजियोथेरेपी और कड़े अभ्यास के जरिए खुद को रिकवर किया। वर्तमान में वे आगामी एशियन गेम्स के ट्रायल्स की तैयारी कर रहे हैं।

## गोयल क्रिकेट क्लब ने 5 विकेट से दर्ज की जीत

रोहतक। वैश्य इंजीनियरिंग ग्राउंड रोहतक में खेले गए रोमांचक मुकाबले में गोयल क्रिकेट क्लब ने एबीसी क्लब क्रिकेट को 5 विकेट से हराकर शानदार जीत अपने नाम की। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने उतरी गोयल क्रिकेट क्लब की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए एबीसी क्लब क्रिकेट को 163 रन पर ऑलआउट कर दिया और लक्ष्य को 24 ओवर में 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया। एबीसी क्लब क्रिकेट की ओर से कपिल चावला (हैडन) ने 37 रन, कमलदीप ने 17 रन बनाए। गोयल क्रिकेट क्लब की गेंदबाजी में परिक्षित पूनिया और कप्तान अभिनव गुप्ता ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3-3 विकेट हासिल किए, जबकि नसीब ने 2 विकेट अपने नाम किए। 164 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गोयल क्रिकेट क्लब की शुरुआत अच्छी रही। ध्रुव शर्मा ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 51 रन की मैच जिताऊ पारी खेली। उनके अलावा भावेश डांगी ने 37 रन और देव मलिक ने 28 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया। अंत में दक्ष ग्रेवाल ने 20 रन बनाकर टीम को जीत के करीब पहुंचाया। एबीसी क्लब क्रिकेट की ओर से रमेश लाला ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 2 विकेट हासिल किए, जबकि कमलदीप, प्रथम भुटानी और कप्तान केतन को 1-1 सफलता मिली। परीक्षित पूनिया को मैन ऑफ द मैच घोषित किया।

## न्यूज डायरी



### दुहन पब्लिक स्कूल में मातृ दिवस मनाया

रोहतक। गोहाना रोड स्थित दुहन पब्लिक स्कूल के प्रांगण में मातृ दिवस मनाया गया। यह दिवस बाल वाटिका के बच्चों व माताओं के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों के साथ आई माता का स्वागत तिलक लगाकर किया गया। कुछ नन्हे - मुन्ने बच्चों ने अपनी प्यारी आवाज में अपनी मां के लिए कविता गायन के द्वारा सबका मन मोह लिया। स्कूल में आई माता ने अपने बच्चों के साथ डांस किया और बच्चों के साथ रैंप वॉक की। माताओं के लिए विभिन्न मनोरंजन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें सभी माताओं ने भाग लिया। स्कूल निर्देशिका डॉ सुनीता दुहन ने बताया कि मातृ दिवस का यह आयोजन माताओं के सम्मान और उनके प्रति प्रेम एवं आभार व्यक्त करने के उद्देश्य से किया गया।

### मातृ दिवस पर कैंसर जांच शिविर लगाया

रोहतक। मातृ दिवस और विश्व रेटिनोब्लास्टोमा (नेत्र कैंसर) जागरूकता सप्ताह के उपलक्ष्य में रविवार को स्थानीय सैनी धर्मशाला, सैनी आनंदपुरा में एक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य एवं जांच शिविर का आयोजन किया गया। संतोष कैंसर फाउंडेशन के तत्वावधान में लगे इस शिविर में सैकड़ों लोगों ने सेहत की जांच करवाई। शिविर का मुख्य आकर्षण फाउंडेशन का महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट 'श्रवण दोष मुक्त हरियाणा' रहा। इसके तहत ई.एन.टी. विशेषज्ञों और ऑडियोलॉजिस्ट द्वारा मरीजों के कानों की गहन जांच की गई और जरूरतमंदों को निःशुल्क श्रवण यंत्र (कान की मशीनें) प्रदान की गईं। डॉ. अमन रोहिल्ला, डॉ. श्रद्धा अग्रवाल और डॉ. दीपेन्द्र वासन ने जागरूकता सत्र के माध्यम से लोगों को कैंसर के शुरुआती लक्षणों और स्वस्थ जीवनशैली के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान डॉ. भूषण कथूरिया ने अपने संदेश में कहा कि मातृ दिवस सेवा का अवसर है और संस्था कैंसर व श्रवण स्वास्थ्य के प्रति सदैव समर्पित रहेगी। शिविर में वी केयर हॉस्पिटल, डॉ. एस.पी.एस. भाटिया और डॉ. सुहास कीर्ति सिंगला सहित कई विशेषज्ञों का सहयोग रहा। मरीजों को निःशुल्क दवाइयां, रक्त जांच, मैमोग्राफी, डेंटल एक्स-रे और चश्मे जैसी सुविधाएं भी मुफ्त दी गईं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री मनमोहन गोयल, श्री सीताराम सचदेवा और श्री पंकज आहूजा ने शिरकत कर इस पहल की सराहना की। सर्वेश कुमार, सुशील, दीपक और पंकज सहित फील्ड टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।





### सांगवान इंटरनेशनल स्कूल में मनाया मातृ दिवस

रोहतक। सांगवान इंटरनेशनल स्कूल में मातृ दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम में नर्सरी से कक्षा तीसरी तक के विद्यार्थियों की माताओं ने विभिन्न गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। माताओं ने गेम्स, बैलेंस कप, टंग ट्विस्टर, नृत्य और संगीत प्रस्तुतियों के माध्यम से सभी का मन मोह लिया। वहीं विद्यार्थियों ने भी अपनी माताओं के सम्मान में भावपूर्ण नृत्य और गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम को यादगार बना दिया। कार्यक्रम का संचालन सरोज और सुप्रिया ने प्रभावशाली ढंग से किया। निर्णायक मंडल में सपना परमार, अनुराग, वीना कालड़ा और रश्मि शामिल रहीं। कार्यक्रम का आयोजन मोनिका लटवाल, संगीत शिक्षक टीनू और गतिविधि प्रबंधक विजय के निर्देशन में किया गया। प्रधानाचार्या मनीषा सांगवान और कोऑर्डिनेटर प्रमिला सांगवान ने सभी माताओं को सम्मानित किया। स्कूल प्रबंधक राजेश सांगवान ने टीम को बधाई दी।



### एमडीएन पब्लिक स्कूल में मनाया मदर्स डे

रोहतक। एमडीएन पब्लिक स्कूल की फाउंडेशनल विंग में मातृ दिवस हर्षोल्लास और भावनात्मक गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा द्वितीय की छात्राओं अनन्या, रूहानी, खुशी और विहान ने हिमांशी व मंजू हुड्डा के निर्देशन में किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों की माताओं को विभिन्न गतिविधियों और प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां के सम्मान में स्वागत गीतों से हुई। एलकेजी के बच्चों ने "मेरी मां" राइम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। वहीं कक्षा द्वितीय की छात्राओं ने "मां मेरी मां" गीत पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा प्रथम के विद्यार्थियों ने "तू दुआओं का है घर मां" गीत पर मनमोहक प्रस्तुति दी। "मॉम हार्ट प्रिंटिंग एक्टिविटी" भी आकर्षण का केंद्र रही। प्रतियोगिताओं में पूर्वी, अंश पुनिया, चित्रांश, आर्यांश, चेतर्वी और नव्या की माताओं को सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन और प्रधानाचार्य डॉ. आर.एस. पंवार ने सभी माताओं को मदर्स डे की शुभकामनाएं दीं।

# मातृ दिवस पर विद्यार्थियों ने मां के प्रति व्यक्त किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

- शिक्षा भारती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कार्यक्रम



विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान के तत्वाधान एवं हिंदू शिक्षा समिति द्वारा संरक्षित शिक्षा भारती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गोहाना रोड में रविवार को मातृ दिवस बड़े हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनमें गीत, कविता, नृत्य एवं भाषण प्रमुख रहे। विद्यार्थियों ने अपनी माताओं के प्रति प्रेम, सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करते हुए सुंदर कार्ड एवं संदेश भी तैयार किए। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्राचार्य महोदय जितेंद्र कुमार ने कहा कि माँ हमारे जीवन की प्रथम गुरु होती है, जिनके संस्कार और मार्गदर्शन से बच्चों का भविष्य उज्ज्वल बनता है। उन्होंने विद्यार्थियों को माता-पिता के सम्मान एवं सेवा का संदेश दिया। कार्यक्रम प्रमुख सीमा भूटानी ने अपने संबोधन में कहा कि माताएँ त्याग, प्रेम और ममता की प्रतिमूर्ति होती हैं। हमें सदैव अपनी माता का सम्मान करना चाहिए तथा उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए। नेहा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि माँ का स्थान जीवन में सबसे ऊँचा होता है। उनके प्रेम और आशीर्वाद से ही बच्चों को सफलता प्राप्त होती है। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के माननीय अध्यक्ष डा. आदित्य बत्रा, उपाध्यक्ष उद्योगपति करन विग, प्रबंधक राम चरण सिंगला, कोषाध्यक्ष एस.के. गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्या बीना कौशिक एवं डा. दिनेश मदान ने भी सभी माताओं को मातृ दिवस की शुभकामनाएं दी।

## एचडी पब्लिक स्कूल में उत्साह के साथ मनाया मदर्स डे



रोहतक। एचडी पब्लिक स्कूल में मदर्स डे हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों और माताओं के लिए विभिन्न रचनात्मक, साहित्यिक एवं मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कक्षा 5 और 6 के विद्यार्थियों ने ट्रॉफी मेकिंग गतिविधि में अपनी रचनात्मक प्रतिभा दिखाई। कक्षा 7 और 8 के विद्यार्थियों ने रवीन्द्रनाथ टैगोर के लेखन पर आकर्षक कोलाज तैयार किए, जबकि कक्षा 9 और 10 के विद्यार्थियों ने टैगोर के नारों पर सुंदर कोलाज बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने माँ पर कविता लेखन किया तथा कक्षा 12 के विद्यार्थियों ने "मां पर एक कविता लिखो" गतिविधि में भाग लिया। कार्यक्रम में माताओं के लिए बैलून और दुपट्टा बैलेंसिंग, ग्लास और लेमन बैलेंसिंग तथा मटकी बैकवॉक जैसी मनोरंजक प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। विजेता माताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। स्कूल चेयरमैन जयपाल सिगरोहा ने कहा कि मां बच्चे की पहली गुरु होती है और उसका प्रेम व त्याग अनमोल है। उन्होंने विद्यार्थियों को हमेशा अपने माता-पिता का सम्मान करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के अंत में सभी माताओं का धन्यवाद किया गया।

## गुरुकुल विश्वभारती में मैथ क्विज़, तेजस्वी और मनस्वी सदन रहे अव्वल



रोहतक। लाढौत रोड स्थित गुरुकुल विश्वभारती के परिसर में रविवार को अंतरसदनीय मैथ क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उत्साहपूर्ण और ज्ञानवर्धक वातावरण में संपन्न हुई इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के भीतर आत्मविश्वास, तार्किक क्षमता और प्रस्तुति कौशल का विकास करना था। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने न केवल अपने गणितीय ज्ञान का प्रदर्शन किया, बल्कि अपनी तीव्र बुद्धिमत्ता और प्रभावशाली प्रस्तुति से सभी को प्रभावित किया। प्रतियोगिता को दो वर्गों (कनिष्ठ और वरिष्ठ) में विभाजित किया गया था। कनिष्ठ वर्ग में तेजस्वी सदन ने प्रथम, यशस्वी सदन ने द्वितीय तथा वर्चस्वी सदन ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का परिचय दिया। वहीं वरिष्ठ वर्ग में मनस्वी सदन ने प्रथम, तेजस्वी सदन ने द्वितीय तथा यशस्वी सदन ने तृतीय स्थान हासिल किया। कनिष्ठ वर्ग में तेजस्वी सदन के छात्र विकेश तथा वरिष्ठ वर्ग में मनस्वी सदन के छात्र उत्कर्ष ने विशेष रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सभी का ध्यान आकर्षित किया। निर्णायक मंडल ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए उनके परिश्रम और लगन की प्रशंसा की। इस अवसर पर गुरुकुल के निदेशक आचार्य नंदकिशोर और प्राचार्य संजय कौशिक ने विजेताओं को बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि निरंतर परिश्रम, अनुशासन और सतत प्रयास ही सफलता की वास्तविक कुंजी हैं। यही गुण एक विद्यार्थी को जीवन की नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने में सहायक सिद्ध होते हैं।

## श्री राम सेकेंडरी स्कूल में धूमधाम से मनाया मदर्स डे

महम। कस्बा महम के श्री राम सेकेंडरी स्कूल में मदर्स डे धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान बच्चों के लिए मेहंदी रचाओ, ड्राइंग, क्राफ्टिंग व गायन प्रतियोगिता आयोजित की गई। मेंहदी में काजल सोनी प्रथम और कंचन वत्स द्वितीय स्थान पर रही। क्राफ्टिं में सोनिया प्रथम और प्रमिला द्वितीय रही। ड्राइंग में सुनीता सैनी प्रथम ही और सीमा ने द्वितीय स्थान हासिल किया। सुलेख में ममता जांगड़ा प्रथम और रेखा रोहिला द्वितीय स्थान पर रही। गायन में किरण रोहिला ने प्रथम और शालू गोयल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान स्कूल डायरेक्टर रमेश गिरधर ने मां की महिमा के बारे मे बताया व विजेताओ को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

CSC CENTRE
REQUIREMENT
COMPUTER OPERATOR
2 (FEMALE)
Knowledge: Internet, Online Form, Portals Photoshop, MS Office
Experience Preferred
Name: Abhimanyu
& : 9812515432
Circular Road, Opposite Devi Vihar, Near Jhajjar Chungi, HP Petrol Pump, Rohtak

कार्यक्रम

## जीडी गोयंका इंटरनेशनल स्कूल में 'गोयंका फेस्ट' की धूम

# नृत्य, संगीत और नाट्य प्रस्तुतियों ने स्कूल परिसर को किया 'उल्लास और उमंग' के वातावरण से सराबोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



- हरियाणा की लोक संस्कृति व आधुनिक प्रतिभा का दिखा अद्भुत संगम

जीडी गोयंका इंटरनेशनल स्कूल में जीडी गोयंका फेस्ट का भव्य आयोजन किया गया, जो हरियाणा की लोक संस्कृति और आधुनिक प्रतिभा का अद्भुत संगम बना। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि केवीएम इंस्टीट्यूट के संस्थापक कर्मवीर मायना और केवीएम हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. विशाल वर्मा द्वारा किया गया। फेस्ट का मुख्य आकर्षण हरियाणा के लोकप्रिय कलाकार अजय हुड्डा, रूबा खान और शिवा चौधरी रहे।

कलाकारों की ऊर्जावान प्रस्तुतियों और सुपरहिट गानों पर विद्यार्थियों के साथ-साथ दर्शक भी झूमने पर मजबूर हो गए। इसके साथ ही, गोयनका टीम के रॉक बैंड परफॉर्मेंस ने कार्यक्रम में रोमांच का नया रंग भर दिया।

विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने नृत्य, संगीत और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी छिपी हुई प्रतिभा का प्रदर्शन किया। चेयरमैन श्री कर्मवीर मायना ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियाँ व्यक्तित्व निर्माण के लिए आवश्यक हैं। निदेशक विक्रांत मायना और सान्या मायना ने सफल आयोजन के लिए पूरी टीम को बधाई दी। इस अवसर पर सहायक निदेशक हिमांशु गुप्ता, उपप्रधानाचार्य अमन अग्रवाल और हेडमिस्ट्रेस अनामिका बल्हारा सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा। पूरा परिसर 'उल्लास और उमंग' के वातावरण से सराबोर नजर आया।



### एचडी पब्लिक स्कूल में अभिभावकों को दिया पेरेंटिंग का प्रशिक्षण

रोहतक। बहु अकबरपुर स्थित एच.डी. पब्लिक स्कूल में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के मार्गदर्शन में "सीबीपी - एजुकेटिंग पेरेंट्स अबाउट एजुकेशन" पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला हुई। कार्यशाला का उद्देश्य अभिभावकों को शिक्षा के महत्व, बच्चों के सर्वांगीण विकास तथा विद्यालय और अभिभावकों के बीच बेहतर समन्वय के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के निदेशक सुरेंद्र सिंह फोगाट, प्राचार्य दुलाल देब, रिसोर्स पर्सन सुवीरा तथा सीमा हुड्डा ने दीप प्रज्वलित कर किया। निदेशक सुरेंद्र सिंह फोगाट ने कहा कि बच्चों की सफलता में अभिभावकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों के नैतिक, सामाजिक और भावनात्मक विकास पर भी समान ध्यान देना आवश्यक है। रिसोर्स पर्सन सुवीरा और सीमा हुड्डा ने अभिभावकों को बच्चों के साथ संवाद बनाए रखने, उनकी भावनाओं को समझने तथा सकारात्मक वातावरण देने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने डिजिटल युग में बच्चों के सही मार्गदर्शन और अनुशासित जीवनशैली के महत्व पर भी चर्चा की। प्राचार्य दुलाल देब ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।



रोहतक। सेक्टर-1 में वाटर कूलर का लोकार्पण करते मुख्य अतिथि समाजसेवी राजेश जैन। फोटो : हरिभूमि

## महाराजा अग्रसेन सेवा सदन ट्रस्ट ने किया वाटर कूलर का लोकार्पण

रोहतक। महाराजा अग्रसेन सेवा सदन ट्रस्ट द्वारा सेक्टर-1 मार्केट में वाटर कूलर का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी राजेश जैन उपस्थित रहे, जबकि संदीप गर्ग ने विशेष रूप से शिरकत की। राजेश जैन ने कहा कि ट्रस्ट द्वारा सेक्टर-1 में लगाई गई प्याऊ से आमजन को गर्मी के मौसम में राहत मिलेगी। भीषण गर्मी में ठंडे पानी की व्यवस्था करना पुण्य का कार्य है। संदीप गर्ग ने कहा कि ट्रस्ट विभिन्न क्षेत्रों में वाटर कूलर लगाकर समाज की सच्ची सेवा कर रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे सेवा कार्यों से जरूरतमंद लोगों को सीधा लाभ मिलता है। इस अवसर पर ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी राजीव जैन, सुशील गुप्ता, सुरेश गुप्ता, राजीव बंसल, पुनीत गुप्ता, देशराज बंसल, गणपत राय गोयल, पीडी अग्रवाल, आशीष, अशोक गुप्ता एवं बृजबाला गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। वहीं डॉ. रॉय एवं डॉ. शर्मा को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

## शहर में आज

- उपायुक्त सचिन गुप्ता की अधिकारियों के साथ बैठक सुबह 11 बजे
- लघु सचिवालय में समाधान शिविर 10 बजे
- एमडीयू यूआईटी विभाग में प्रदर्शनी सुबह 10 बजे

## खबर संक्षेप

### चोरों की गिरफ्तारी नहीं होने से ग्रामीणों में रोष

**महम।** दस दिन पहले सैमाण गांव में सुनार की दुकान से लाखों के गहने और हजारों रुपये की चोरी की वारदात हुई थी। शिकायतकर्ता ने पुलिस को सीसीटीवी फुटेज भी उपलब्ध करवा दी थी। उसके बाद भी कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में रोष पनप रहा है। गांववासी जयभगवान और दुकानदार प्रदीप ने कहा कि कई दिन से वे महम थाने में जांच अधिकारी और एसएचओ के पास चक्कर काट रहे हैं, मगर चोरों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। इस संबंध में वे रोहतक में आईजी और पुलिस अधीक्षक से जल्द ही मुलाकात शिकायत रखेंगे।

### युवक को अवैध हथियार सहित किया गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस की टीम ने गश्त के दौरान युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर युवक से दो देसी पिस्तौल व 4 राउंड बरामद हुआ है। मामले के



अनुसार, मुख्य सिपाही कृष्ण के नेतृत्व मे एवीटी एवं पीओ स्टाफ की पुलिस टीम गांव बैंसी के पास गश्त में मौजूद थी। सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुये लाखनमाजरा रेलवे पुल के पास खड़े युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। युवक की पहचान राहुल उर्फ बाजा निवासी गांव लाखनमाजरा के रुप में हुई। आरोपी पर केस दर्ज कर लिया गया है।

**हड़ताल से बिगड़े हालात: अंधेरे में खाली प्लॉटों में फेंक रहे लोग**

**बीमारियों का खतरा : सड़कों, गलियों व बाजारों में फैली गंदगी से आमजन-दुकानदार भी परेशान**


# कूड़े के ढेरों में घुटा शहर का दम

*नगर पालिका सफाई कर्मचारियों की हड़ताल का असर अब पूरे रोहतक शहर में दिखाई देने लगा है। 10 दिनों से सफाई व्यवस्था ठप से कूड़े में कीड़े पनपने लगे हैं। इससे हर तरफ बदबू फैल रही है। घरों से कूड़ा उठाने वाली गाड़ियां नहीं पहुंचने से लोग रात को खाली प्लॉटों और सड़क किनारे कचरा फेंकने को मजबूर हैं। बढ़ती गंदगी, बदबू और मच्छरों ने लोगों की जीना मुहाल कर दिया है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

नगर पालिका सफाई कर्मचारियों की लगातार जारी हड़ताल का असर अब पूरे शहर में साफ दिखाई देने लगा है। पिछले 10 दिनों से सफाई व्यवस्था ठप होने के कारण शहर के कई इलाकों में कूड़े के ढेर लग गए हैं। हालत यह है कि घरों से कूड़ा उठाने वाली गाड़ियां भी नहीं पहुंच रही हैं, जिससे लोगों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। सड़कों, गलियों और बाजारों के आसपास फैली गंदगी के कारण अब आमजन के साथ-साथ दुकानदार भी परेशान हैं। शहर के कई मोहल्लों में लोगों ने घरों में जमा हो रहे कूड़े से छुटकारा पाने के लिए अलग रास्ता निकाल लिया है। रात के अंधेरे में लोग अपने घरों का कचरा आसपास के खाली प्लॉटों, बाजारों के पास खाली जगहों और सड़क किनारे फेंक रहे हैं। इससे गंदगी लगातार बढ़ती जा रही है और बदबू के कारण लोगों का वहां से गुजरना भी मुश्किल हो रहा है। मार्केट क्षेत्रों में हालात और भी खराब होते जा रहे हैं। दुकानदारों का कहना है कि दुकानों के आसपास कूड़ा जमा होने से ग्राहकों को परेशानी हो रही है। कई जगहों पर आवारा पशु और कुत्ते कूड़े में मुंह मारकर गंदगी फैला रहे हैं, जिससे संक्रमण फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। व्यापारियों का कहना है कि वे इस समस्या को लेकर शिकायत भी नहीं कर पा रहे, क्योंकि सफाई व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित है।

सफाई संकट



हुडा कॉम्प्लेक्स

### आमजन की बढ़ी चिंता

कई परिवारों का कहना है कि घरों में कूड़ा जमा रखना मुश्किल हो रहा है। गर्मी के मौसम में कूड़े से दुर्गंध तेजी से फैल रही है। बच्चे और बुजुर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि सफाई कर्मचारियों और सरकार के बीच विवाद का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है।

### समाधान की मांग तेज

शहरवासियों ने प्रशासन और सरकार से जल्द समाधान निकालने की मांग की है। लोगों का कहना है कि सफाई व्यवस्था लंबे समय तक प्रभावित रही तो हालात और बिगड़ सकते हैं। कर्मचारियों की मांगों पर बातचीत कर जल्द समाधान निकाला जाए, ताकि शहर को गंदगी और संभावित बीमारियों से बचाया जा सके।



झज्जर रोड



शांत मई चौक

### दुकानदार सुबह आते ही पहले हटाते हैं कूड़ा

दुकानदारों ने कहा कि सुबह दुकान खोलते ही सबसे पहले उन्हें फैली गंदगी हटानी पड़ती है। लगातार बढ़ते कूड़े के ढेरों से मच्छर और बदबू की समस्या भी गंभीर होती जा रही है। जल्द समाधान नहीं हुआ तो बीमारियां फैल जाएंगी। अब कूडे में कीडे भी पनपने लगे है। ऐसे में समस्या दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है।



झज्जर चुंगी

### नपा कर्मियों की हड़ताल तेज, शहरभर में निकली जागरूकता टीमें

**रोहतक।** नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा की हड़ताल रविवार को दसवें दिन भी जारी रही। हड़ताल की अध्यक्षता इकाई प्रधान शंभू टांक ने की। इस दौरान निगम कर्मचारियों ने आंदोलन को और मजबूत करने के लिए शहरभर में अलग-अलग टीमों का गठन कर जागरूकता अभियान चलाया। करीब 15 से 20 कर्मचारियों की टुकड़ियां बनाकर उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में भेजा गया, जिन्होंने शहर के मुख्य मार्गों, गली-मोहल्लों और चौक-चौराहों पर जाकर सफाई कार्य कर रहे ठेकेदारों और प्राइवेट कर्मचारियों से बातचीत की। कर्मचारी नेताओं ने सफाई कर्मचारियों को समझाया कि यह आंदोलन सभी सफाई कर्मियों के अधिकारों और सम्मानजनक भविष्य के लिए लड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि ठेकेदारी प्रथा के कारण सफाई कर्मचारियों को उचित वेतन और स्थायी रोजगार नहीं मिल पा रहा है। संघ नेताओं ने कर्मचारियों से ठेकेदारों के दबाव में न आने और हड़ताल का समर्थन करने की अपील की। शहरभर में दौरा कर रही इन टीमों की निगरानी कई कर्मचारी नेताओं ने की। इनमें कंवल राणा, दिलावर दरोगा, रामराज दरोगा, विक्रम दरोगा, राजकुमार टांक, सिकंदर बिड़लान, वीरेंद्र बोहत, सुनील तुसांमड़, मिट्ठू, जयकरण दरोगा, सुभाष दरोगा, गुलशन दरोगा और रोहित दरोगा प्रमुख रूप से शामिल रहे। महिला विंग की ओर से भी कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। महिला विंग प्रधान अनिता के नेतृत्व में सुशीला, राजरानी, अंजना, शीला, शीतल, सरोज, कमला और राज सहित कई महिला कर्मचारियों ने अभियान में हिस्सा लिया। संघ नेताओं ने कहा कि मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

**पीजीआईएमएस रोहतक में फाइलें निपटाने के लिए प्रक्रिया निर्धारित**

# एमएलसी या मृत्यु की फाइल के मामले में प्राथमिकी अनिवार्य

- *एक साल के बाद भी दर्जनों मौत की फाइलों को जमा नहीं कर पाए अधिकारी*
- *पीजीआईएमएस के चिकित्सा अधीक्षक (एमएस) डॉ. कुंदन ने डुप्लीकेट फाइल तैयार करने के दिए निर्देश*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पीजीआईएमएस के अधिकारियों ने एक साल के बाद भी दर्जनों मौत की फाइलों को जमा नहीं करने के मामले को गंभीरता से लेते हुए संस्थान में खोए हुए मौत और मेडिको-लीगल मामलों (एमएलसी) की फाइलों को संभालने के लिए एक प्रक्रिया निर्धारित की है। इस संदर्भ में आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। सूत्रों ने बताया कि पीजीआईएमएस के चिकित्सा अधीक्षक (एमएस) डॉ. कुंदन मित्तल द्वारा जारी आदेश के अनुसार, अब उन मामलों में प्राथमिकी या पुलिस सूचना अनिवार्य होगी जहां एमएलसी या मृत्यु की फाइलें गायब हैं। विवरण के साथ पुलिस जानकारी की एक प्रति उचित चैनल के माध्यम से पीजीआईएमएस के मेडिकल रिकॉर्ड विभाग (एमआरडी) को प्रस्तुत करनी होगी।

हाल ही में यह संवेदनशील मुद्दा सामने आया कि पीजीआईएमएस के वार्डों में इलाज के दौरान मरने वाले रोगियों की दर्जनों इनडोर फाइलें लगभग एक साल से एमआरडी को जमा नहीं की गई हैं, जिससे अधिकारियों के बीच चिंता बढ़ गई है क्योंकि इस तरह की चूक से मामले कोर्ट में जा सकते हैं और साथ ही इसाकी उच्च अधिकारियों को शिकायतें दी जा सकती हैं। सूत्रों के मुताबिक एमआरडी ने सभी विभागों के इकाई प्रमुखों को भी पत्र लिखा था, जिसमें उनसे आग्रह किया गया था कि वे अपने स्नातकोत्तर छात्रों को लंबित फाइलों को जल्द से जल्द जमा करने और आवश्यक नो-ड्यूज क्लीयरेंस प्राप्त करने का निर्देश दें। आदेशों में कहा गया है कि खोए हुए फाइल के स्थान पर, उपलब्ध रिकॉर्ड के आधार पर डुप्लीकेट फाइल तैयार की जानी चाहिए और संबंधित इकाई प्रमुख या विभागों के प्रमुख के माध्यम से भेजी जाए।

### प्रवेश पर्ची प्राप्त करने की प्रक्रिया भी तय की

एमएस ने डुप्लीकेट फाइलों के लिए प्रवेश पर्ची प्राप्त करने की प्रक्रिया भी निर्दिष्ट की है। प्रवेश पर्ची डीएमएस प्रभारी रिसेप्शनिस्ट द्वारा बैच 2023 रिकॉर्ड के लिए पुराने आपातकालीन रिसेप्शन में जारी की जाएगी। प्रवेश पर्ची प्राप्त करने के लिए, संबंधित विभाग को एक टाइप किया हुआ पत्र प्रस्तुत करना होगा, जिसमें सीआर नंबर, उम्र, प्रवेश की तारीख, छुट्टी की तारीख और निदान सहित पूरे रोगी विवरण का उल्लेख किया जाएगा, जैसा कि वार्डों, आघात और आपातकालीन अनुभागों में रखे गए उपचार रिकॉर्ड रजिस्टरों में उपलब्ध है। डुप्लीकेट पर्ची की मांग करने वाले पत्र पर संबंधित इकाई या विभाग प्रमुख द्वारा विधिवत हस्ताक्षर किए जाने चाहिए। कार्यालय आदेश को सभी विभागों के प्रमुखों, डीएमएस अधिकारियों और संस्थान और विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों को अनुपालन और आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजा गया है।

डुप्लीकेट फाइल के लिए संबंधित संकाय सदस्यों के हस्ताक्षर की आवश्यकता होगी। हर डुप्लीकेट फाइल के पहले पृष्ठ पर रिकॉर्ड के पूरा होने और रोगी के निदान के बारे में नोट होना चाहिए जैसा कि वार्ड, आपातकालीन या ऑन-ड्यूटी नर्सिंग स्टाफ द्वारा बनाए गए ट्रॉमा रजिस्टरों में उपलब्ध है।

# जाट भवन में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का सैकड़ों लोगों ने उठाया लाभ

- एलपीएस बोसार्ड के डायरेक्टर राजेश जैन ने एसडीएम को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



रोटरी क्लब ऑफ रोहतक सफायर द्वारा आयोजित दिल्ली रोड स्थित जाट भवन में विशाल स्वास्थ जांच शिविर लगाया गया। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया इस जांच शिविर में मैक्स हेल्थ केयर अस्पताल द्वारिका के डाक्टरों के द्वारा मरीजों को चेक किया गया व निःशुल्क दवाइयां वितरित की गई।

मुख्य अतिथि आशीष कुमार एसडीएम, समारोह अध्यक्ष एलपीएस बोसार्ड के डायरेक्टर राजेश जैन, विशिष्ट अतिथि राजेन्द्र बंसल, सुरेश कुमार बौंडवाल, जॉइंट कमिश्नर, जीएसटी एसीसटैंट गर्वनर विनोद जैन, प्रधान विजय तायल, सचिव नीतिन तायल द्वारा गणेश के समक्ष दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया। शिविर में स्त्री कैंसर रोग विशेषज्ञ डा. शिवानी सुंदरम, मैडिसन विभाग डा. अंकित टुटेजा, डा. अंकुर जैन गेस्टो विभाग के द्वारा जांच की गई। महिलाओं के लिए निःशुल्क स्तन कैंसर की जांच भी की गई।

क्लब के पदाधिकारियों, सदस्यों द्वारा सभी अतिथियों का फूलों के बुके, पटके और मालाओं द्वारा स्वागत किया। इस अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ रोहतक सफायर के सभी पदाधिकारिणी गण, सदस्य मौजूद रहे।

## एचसीसीटीए को मजबूत करने के लिए बनेगी 40 सदस्यीय कोर कमेटी

**रोहतक।** हुडा सिटी पार्क में रविवार को हरियाणा कॉलेज कॉन्ट्रेक्चुअल टीचर्स एसोसिएशन (एचसीसीटीए) की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जोगेंद्र अहलावत, सुरेश कुमार पूनिया, जगदीश दुहन, केशव कुमार और चरण सिंह के नेतृत्व में हुई इस बैठक में संगठन की मजबूती और भविष्य की रणनीति पर गहन मंथन किया गया। बैठक का मुख्य केंद्र आपसी मतभेदों को भुलाकर संगठन के चुनावों की तैयारी करना और सरकार से अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ना रहा। बैठक में सुरेश कुमार पूनिया के सुझाव को सर्वसम्मति से स्वीकार करते हुए पूरे हरियाणा से 40 प्रभावी सदस्यों की एक कोर कमेटी बनाने का निर्णय लिया गया। इसमें जिला स्तर पर जाकर चुनाव के लिए आधार तैयार करना। नए सदस्यों को जोड़कर संगठन का विस्तार करना। गुटबाजी को समाप्त कर हरियाणा एक्सटेंशन वेलफेयर सोसाइटी के सदस्यों के साथ समन्वय स्थापित करना ताकि सभी एक ही बैनर तले आ सकें आदि शामिल है। केशव कुमार ने कहा कि अब समय आपसी विवादों का नहीं, बल्कि एकजुटता का है। उन्होंने कहा कि एक्सटेंशन लेक्चरर्स की सर्वोच्च प्राथमिकता 'जॉब सिक्योरिटी एक्ट' को लागू करवाना है। दीप्सी खपरा ने भी यूनियन की एकता और पारदर्शिता पर जोर देते हुए कहा कि चुनाव से पहले राज्य के हर एक एक्सटेंशन लेक्चरर तक पहुंच बनाई जाएगी।संगठन ने साफ संदेश दिया कि अब अनुशासन और भागीदारी ही भविष्य का मार्ग तय करेगी। इस अवसर राकेश धनिया, अर्चना, शौकीना, नीरज, पंकज, पूनम, संदीप शर्मा, परवीन अहलावत, रोहित, रिंकू और नरेश दुहन मौजूद रहे।

**चुनाव से पहले राज्य के हर एक एक्सटेंशन लेक्चरर तक पहुंच बनाई जाएगी**

# जनवादी महिला समिति ने फायर व सफाई कर्मचारियों की हड़ताल को दिया समर्थन

- फरीदाबाद अग्निकांड में जान गंवाने वाले कर्मचारियों के परिवारों को उचित मुआवजा और नौकरी देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक




**रोहतक।** अपनी मांगों के लिए धरने के दौरान नारेबाजी करते दमकल कर्मी।

जनवादी महिला समिति हरियाणा ने फायर ब्रिगेड और नगर पालिका कर्मचारियों की चल रही हड़ताल को पूर्ण समर्थन देते हुए राज्य सरकार से जल्द मांगें मानने की अपील की है।

समिति की राज्य अध्यक्ष सविता और महासचिव उषा सरोहा ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि दमकल कर्मचारी पिछले 33 दिनों से और सफाई कर्मचारी 10 दिनों से हड़ताल पर हैं, लेकिन सरकार उनकी समस्याओं पर गंभीरता नहीं दिखा रही। नेताओं ने कहा कि जान जोखिम में डालकर जनता की सुरक्षा करने वाले दमकल कर्मी और शहरों को स्वच्छ रखने वाले सफाई कर्मचारी भीषण गर्मी में सड़कों पर बैठने को मजबूर हैं। अनुबंध प्रथा और कौशल रोजगार निगम के माध्यम से कर्मचारियों का आर्थिक व मानसिक शोषण किया जा रहा है। उन्होंने फरीदाबाद अग्निकांड में जान गंवाने वाले कर्मचारियों के परिवारों को उचित मुआवजा और नौकरी देने की मांग भी उठाई। समिति ने चेतावनी दी कि मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन को जन-आंदोलन बनाया जाएगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

**एनईपी-2020 के तहत मल्टीपल एंट्री-एग्जिट की भी सुविधा**

# बीएससी गणितः डेटा साइंस, बैंकिंग, कॉर्पोरेट से टेक्नोलॉजी तक खुलेंगे सफलता के रास्ते

- *रिसर्च, इंटर्नशिप और प्रैक्टिकल ट्रेनिंग पर विशेष फोकस*
- *31 मई तक ऑनलाइन आवेदन, मेरिट और प्रवेश परीक्षा से होंगे*
- *सिविल सेवा और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मजबूत आधार*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

स्टूडेंट गाइड

12वीं के बाद करियर को लेकर असमंजस में रहने वाले विद्यार्थियों के लिए चार वर्षीय बीएससी (गणित) पाठ्यक्रम अब एक आधुनिक और रोजगारपरक विकल्प बनकर उभर रहा है। नई शिक्षा नीति (एनईपी-2020) के तहत तैयार किया गया यह कोर्स केवल पारंपरिक गणितीय अध्ययन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें डेटा एनालिटिक्स, मशीन लर्निंग, कंप्यूटेशनल मैथ्स, बैंकिंग और आईटी सेक्टर की जरूरतों को भी शामिल किया गया है। रोहतक के विभिन्न महाविद्यालयों और महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में सत्र 2026-27 के लिए दाखिला प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इस कोर्स में विद्यार्थियों को रिसर्च, इंडस्ट्री इंटर्नशिप और प्रैक्टिकल ट्रेनिंग का अवसर मिलेगा, जिससे वे नौकरी के लिए सीधे तैयार हो सकेंगे। नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय के डॉ. राजीव कुमार ने बताया कि सत्र 2026-27 के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 7 मई से प्रारंभ हो चुकी है। इच्छुक छात्र 31 मई तक उच्चतर शिक्षा विभाग के पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। एमडीयू में बीएससी गणित चार वर्षीय कोर्स के लिए 60 सीटें उपलब्ध हैं। वहीं, बीएससी गणित चार वर्षीय एसएफएस (एसएफएस) कोर्स में भी 60 सीटें हैं। राजकीय महिला महाविद्यालय रोहतक में 80 सीट हैं। नेकीराम कॉलेज में 60 सीट उपलब्ध हैं। कॉलेजों में दाखिले मेरिट के आधार पर होंगे और एमडीयू में दाखिले के विद्यार्थियों को प्रवेश परीक्षा देनी होगी। एनईपी-2020 की सबसे बड़ी विशेषता 'मल्टीपल एंट्री और एग्जिट' विकल्प है, जो इस कोर्स में भी लागू रहेगा। इसके तहत छात्र अपनी सुविधा और आवश्यकतानुसार पढ़ाई छोड़ या दोबारा शुरू कर सकते हैं।

### करियर की असीम संभावनाएं

- आईटी और टेकः डेटा एनालिस्ट और सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट।
- बैंकिंग एवं बीमा : वित्तीय जोखिम प्रबंधन और सांख्यिकीय विश्लेषण।
- सिविल सेवाः प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मजबूत आधार।
- उच्च शिक्षाः सीधे पीएचडी या एमटेक (एआई/डेटा साइंस) में प्रवेश का विकल्प।

# कम्युनिकेशन ही सफलता की कुंजी : सुनित मुखर्जी

**डीपीजी डिग्री कॉलेज, गुरुग्राम में कार्यक्रम का आयोजन**

**इंडस्ट्री में वही युवा आगे बढ़ेंगे, जिनमें सीखने का जुनून**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

डिजिटल मीडिया के तेजी से बदलते दौर में पत्रकारिता और जनसंचार के विद्यार्थियों को केवल डिग्री नहीं, बल्कि क्रिएटिव कम्युनिकेशन स्किल्स विकसित करनी होंगी। यह बात महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के प्राध्यापक एवं निदेशक जनसंपर्क सुनित मुखर्जी ने डीपीजी डिग्री कॉलेज, गुरुग्राम में कही। डीजीपी डिग्री कॉलेज के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आने वाला समय क्रिएटिविटी, कनेक्टिविटी और पावरफुल कम्युनिकेशन का है। मीडिया इंडस्ट्री में वही युवा आगे बढ़ेंगे, जिनमें सीखने का जुनून, नई तकनीकों को अपनाने की क्षमता और प्रभावी अभिव्यक्ति होगी। उन्होंने विद्यार्थियों को जनसंपर्क, कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन, विज्ञापन, इवेंट मैनेजमेंट, कंटेंट राइटिंग, प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और डिजिटल मीडिया में उपलब्ध करियर अवसरों की जानकारी दी। साथ ही भाषा पर पकड़ मजबूत करने और तकनीकी मीडिया स्किल्स विकसित करने पर जोर दिया। सुनित मुखर्जी ने कहा कि आज मीडिया का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। ग्राफिक्स, मल्टीमीडिया एनीमेशन और डिजिटल कंटेंट क्रिएशन जैसे क्षेत्रों में युवाओं के लिए अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को सिलेबस से आगे बढ़कर अतिरिक्त पुस्तकें पढ़ने, सामान्य ज्ञान बढ़ाने और समसामयिक विषयों से जुड़े रहने की सलाह दी। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ. नीतू सांगवान, शौकीत खान और नीलम पैबुली भी मौजूद रहे।